OM - 18 - 2021 FINAL FILE_Page 1 and 2 11/29/2021 11:31 AM Page 4





रायपुर-छ.ग.। भाई दूज के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आत्म स्मृति का तिलक लगाने के पश्चात् प्रसाद देते हुए क्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. कमला दीदी। साथ हैं ब्र.कु. सविता दीदी।



कोटा-वल्लभ नगर(राज.)। दीपावली के शुभ अवसर पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को दीपावली का रहस्य बताने एवं उनके हाथों से दीप जगाने के पश्चात् प्रसाद देते हुए ब्र.कु. ज्योति बहन।



नवरंगपुर-ओडिशा। दीपावली के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुन्ना खान,राज्य सभा सांसद, रत्नाकर साहू,प्रोजेक्ट डायरेक्टर, ब्र.कु. नीलम बहन तथा ऑनलाइन व ऑफलाइन बड़ी संख्या में भाई-बहनें शरीक हुए।



अदूर-केरल। केरल लेजिस्लेटिव एसेम्बली के डिप्टी स्पीकर चित्तायम गोपाकुमार के साथ ईश्वरीय चर्चा करने के पश्चात् उपस्थित हैं ब्र.कु. उषा बहन तथा अन्य।



आगरा-शमसाबाद(उ.प्र.)। दीपावली महोत्सव मेले में आध्यात्मिक चरित्र निर्माण प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए नगर अध्यक्षा श्रीमति लक्ष्मी देवी राठौर, ब्र.कु. लक्ष्मी दीदी तथा अन्य।



धार-म.प्र.। ईश्वरीय ज्ञान चर्चा के पश्चात् उपस्थित हैं स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सत्या बहन तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनें।

# मनसा सेवा द्वारा साकाश देने की विधि



ब्र.कु. उषा,वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका

- गतांक से आगे

**हमने पिछले अंक में पढ़ा, जाना कि मनसा सेवा द्वारा साकाश देने की विधि में दूसरे प्रकार की सेवा कौन-सी है तो अब है तीसरे प्रकार की सेवा...**

तीसरा है स्थिति द्वारा सेवा। और स्थिति कैसे बनेगी, उसका कनेक्शन किसके साथ है? जैसे संकल्पों का कनेक्शन भावनाओं के साथ है। दृष्टि का कनेक्शन वृत्ति के साथ है। ऐसे ही स्थिति का कनेक्शन स्मृति के साथ है। जैसी स्मृति वैसी स्थिति। तो हमारी स्मृति के अन्दर क्या चीज़ है। कौन-सी स्मृति आ रही है। बाबा इसीलिए हमेशा कहते हैं कि स्मृति स्वरूप बनो। क्योंकि जितना हम स्मृति स्वरूप होते हैं उतना स्मर्थ स्वरूप बनते जायेंगे। स्वरूप और स्थिति जितनी हमारी ऊंची है उतना बहुत दूर तक वो सेवा करेगी। वो साकाश देने का काम करेगी। स्वरूप और स्थिति ये अंतिम समय लोगों को साक्षात्कार करायेगी। स्वरूप का भी साक्षात्कार होगा, हमारी स्थिति के कारण। तो इसीलिए बाबा कहते हैं हज़ारों मील दूर बैठे भी लोगों को आपका साक्षात्कार होगा।

वृत्ति द्वारा वायब्रेशन जो हैं वो वायुमंडल, वो वहाँ की आत्माओं की सेवा करेगी, शुद्ध संकल्प-शुद्ध भावना वो थोड़ी दूरी माना दूसरे शहर, तीसरे शहर में करेगी। लेकिन जो स्थिति और स्वरूप द्वारा साक्षात्कार होगा वो सात समंदर पार होगा। उसको भी अनुभव होगा। जैसे कई विदेशी भाई-बहनें आते हैं ना तो उनको दादी जानकी का साक्षात्कार होता था। कहते हैं कि ये बुजुर्ग महिला हमें दिखाई दी थी। सपने में आई थी। तो इसीलिए कहा जैसे व्यक्ति की स्मृति होगी और जितना हमारा स्मृति स्वरूप होगा तो स्मर्थ स्वरूप और वो समर्थ स्वरूप ही अनेकों को अनुभव करायेगा। दूर-दूर तक भी लोग होंगे, उसको भी फील होगा कि कोई ऐसा पैगम्बर आया है, कोई ऐसा मैसेंजर आया है जिसने मुझे ये मैसेज दिया।

**स्थिति पॉवरफुल तब होगी जब पहला स्टेप संकल्प, भावनायें शुद्ध होंगी, दृष्टि-वृत्ति शुद्ध होगी, उतनी ही हमारी स्थिति ऊंची होती जायेगी...**

तो आपकी स्थिति जैसे होगी वो मैसेज देने का कार्य करेगा। इसीलिए सूक्ष्म जो वायब्रेशन हैं वो दूर-दूर तक पहुंचते हैं अपनी स्थिति के द्वारा। तो स्थिति कितनी पॉवरफुल होनी चाहिए? और स्थिति पॉवरफुल तब होगी जब पहला स्टेप संकल्प, भावनायें शुद्ध होंगी, दृष्टि-वृत्ति शुद्ध होगी, उतनी ही हमारी स्थिति ऊंची होती जायेगी और स्थिति ऊंची तो स्वरूप ऐसा होगा जो दूर-दूर तक लोगों को वो साक्षात्कार करायेगा। कोई सफेद वेषधारी आया था। जिसने मुझे कहा फलानी जगह जाओ और मैं बाबा के घर तक पहुंचा। अंत में आपके सामने लोग आयेंगे और कहेंगे आप ही आये थे। और मैं इतनी दूर से आई।

तो इसीलिए कहने का भावार्थ मेरा ये है कि जो सूक्ष्म साकाश देने की विधि जो है वो ये शुभ भावना-शुभ कामना द्वारा, वृत्ति द्वारा वायुमण्डल और स्थिति द्वारा तीन प्रकार से हैं।



जयपुर-सोडाला(राज.)। दीपावली महोत्सव के दौरान रेखा राठौड़,जयपुर डिस्ट्रिक्ट सेक्रेट्री एंड काउंसलर को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. पूनम दीदी,जयपुर राजा पार्क उप क्षेत्रीय संचालिका। साथ हैं शशि शर्मा,बॉलीवुड एक्ट्रेस एंड प्रॉड्यूसर तथा ब्रह्माकुमारी बहन।



सीतापुर-उ.प्र.। ग्राम समाज की सेवा हेतु आयोजित आध्यात्मिक प्रदर्शनी में समझाने के पश्चात् ग्राम प्रधान गुड्डू भार्गव को ओम शान्ति मीडिया पत्रिका भेंट करते हुए ब्र.कु. योगेश्वरी बहन।



नवसारी-मरोली(गुज.)। कस्तूरबा आश्रम(छात्रालय) में ब्रह्माकुमारीज़ को मोटिवेशनल स्पीच के लिए आमंत्रित किये जाने पर विद्यार्थियों के समक्ष अपने प्रेरणादायी वक्तव्य रखते हुए ब्र.कु. मुकेश बहन। मौके पर आश्रम की सुश्री जिज्ञासा चौधरी, आश्रम के मैनेजर प्रताप भाई तथा ब्र.कु. बाबू भाई पटेल उपस्थित रहे।


**ओम शान्ति मीडिया सदस्यता हेतु सम्पर्क करें....**

**कार्यालय - ओम शान्ति मीडिया**

संपादक - ब्र.कु. गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़, शान्तिवन, तलहटी,
पोस्ट बॉक्स न - 5, आबू रोड (राज.) 307510
सम्पर्क- M- 9414006096, 9414182088,
Email-omshantimedia@bkivv.org

सदस्यता शुल्क: भारत - वार्षिक 200 रूपये, तीन वर्ष 600 रूपये,
कृपया सदस्यता शुल्क 'ओम शान्ति मीडिया' के नाम मनीऑर्डर या
बैंक ड्राफ्ट (पेएबल एट शांतिवन, आबू रोड) द्वारा भेजें।

**For Online Transfer**

BANK NAME:- STATE BANK OF INDIA(SBI)
ACCOUNT NO: - 30826907041
ACCOUNT NAME:- OM SHANTI MEDIA
IFSC - CODE - SBIN0010638
BRANCH:- Prajapita Brahmakumaris Ishwariya Vishwa Vidhyalya,Shantivan
Note:- AfterTransfer send detail on E-Mail -omshanti-media.acct@bkivv.org or
Whatsapp, Telegram No.:- 9414172087



